जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।

कार्यवाही विवरण

पृथ्वी राज नगर के संबंध में भवन मानचित्र समिति (ले आउट प्लान) की 136 वीं बैठक दिनांक 02.09.2009 को सायः 5.00 बजे आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, का कार्यवाही विवरण, वरिष्ठ नगर नियोजक (मास्टर प्लान) द्वारा तैयार किया गया है जिसका संकलित कार्यवाही विवरण :–

बैठक में समिति के निम्न सदस्यों ने भाग लिया–

1. श्रीमती गायत्री राठोड, सचिव, जविप्रा, जयपुर।
2. श्री एच.एस. संचेती, निदेशक (आयोजना), जविप्रा, जयपुर।
3. श्रीमती शुचि शर्मा, अति. आयुक्त (एल.पी.सी), जविप्रा, जयपुर।
4. श्रीमती दुर्गा जोशी, अति. आयुक्त (भूमि एवं अवाप्ति), जविप्रा, जयपुर।
5. श्रीमति सीमा सिंह अति. आयुक्त (पश्चिम), जविप्रा, जयपुर।
6. श्री मोहन टावरी, सदस्य सचिव (बीपीसी–एलपी), जविप्रा, जयपुर।
7. श्रीमती लवंग शर्मा, वरिष्ठ नगर नियोजक(बीपीसी), जविप्रा, जयपुर।

बैठक में निम्न अधिकारी भी उपस्थित थे–

1. श्री पी. अरविन्द वरिष्ठ नगर नियोजक, (मास्टर प्लान) जविप्रा, जयपुर।
2. श्री एस. मित्रा, उपायुक्त जोन–7 जविप्रा, जयपुर।
3. श्री संजय जैन, उपायुक्त जोन–8, जविप्रा, जयपुर।
4. श्री गोपाल सैनी, उप नगर नियोजक, जोन–8, जविप्रा, जयपुर।
5. श्री के.के. आहूजा, जोनल अभियन्ता, जविप्रा, जयपुर।

....

एजेण्डा विवरणः–

एजेण्डा आइटम संः–1

विषयः– पृथ्वीराज नगर योजना के अनुमोदन बाबत्।

जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जविप्रा अधिनियम 1982 की धारा 36(1) के अन्तर्गत जयपुर शहर के पश्चिम की ओर अजमेर राड के उत्तर व दक्षिण में पृथ्वीराज नगर योजना तैयार की गई थी। इस योजना के अन्तर्गत 22 राजस्व ग्राम, जिसमें जयपुर तहसील के 14 एवं सांगानेर तहसील के 8 ग्रम सम्मिलित है।

इस योजना का सर्वे जोनल अभियन्ता, जोन–7 द्वारा माह मार्च 2009 में करवाया गया तथा पुनः साईट अभियन्ता द्वारा चैकिंग की गई तथा इसका सत्यापन कर उपायुक्त जोन–8 को प्रस्तुत किया गया।

पृथ्वीराज नगर योजना (उत्तर व दक्षिण) क्षेत्र में मास्टर विकास योजना 2011 के भू–उपयोग मानचित्र में प्रस्तावित सडकों के मार्गाधिकार में निर्माण हो जाने के कारण इन सडकों को मोके पर बनाया जाना जटिल कार्य है। अतः सर्वे के आधार पर इन सडकों को बनाए जाने हेतु व्यावहारिक दृष्टिकोण रखते हुए उक्त क्षेत्र में सडकों का नेटवर्क प्लान तैयार किया गया है, जिसमें मौके की स्थिति को दृष्टिगत रखते विभिन्न मार्गाधिकारों की सेक्टर सडकों का प्रस्ताव किया गया है। साथ ही यथा सम्भव उपलब्ध खुले स्थानों पर सुविधा क्षेत्र का प्रस्ताव रखा गया है।

समिति द्वारा एजेण्डा में अंकित बिन्दुओं पर विस्तृत रूप से विचार विमर्श किए जाने के पश्चात् सर्वसम्मिति से निर्णय लिया गया कि प्रस्तावित सेक्टर प्लान को मौके व सर्वे के आधार पर हुए निर्माणों को दृष्टिगत रखते हुए एवं व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए पृथ्वीराज नगर योजना (उत्तर व दक्षिण) के योजना मानचित्र का अनुमोदन किया गया। साथ ही समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि चूँकि पृथ्वीराज नगर योजना (उत्तर व दक्षिण), एक बहुत बडे क्षेत्र पर प्रस्तावित योजना है एवं सर्वे व मौके की स्थिति में थोडा बहुत विरोधाभास होने की स्थिति में, योजना की क्रियान्विति के समय इस विरोधाभास को ठीक करते हुए योजना में आवश्यक संशोधन हेतु बीपीसी–एलपी ही अधिकृत होगी।

3/9/09

सदस्य सचिव,
भवन मानचित्र समिति (ले–आउट प्लान)
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांक :– जविप्रा / वनि / प्रोजेक्ट. / 2009 / डी– 334
दिनांक :– 3/9/09
प्रतिलिपि :–

1. अध्यक्ष, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. वरिष्ठ निजी सचिव, आयुक्त, जविप्रा, जयपुर।
4. निजी सचिव, सचिव, जविप्रा, जयपुर।
5. निदेशक (आयोजना), जविप्रा, जयपुर।
6. अति0 आयुक्त (पूर्व) / (पश्चिम) / (एलपीसी) / (भूमि), जविप्रा, जयपुर।
7. वरिष्ठ नगर नियोजक (प्रोजेक्ट / एम.पी.) जविप्रा, जयपुर।
8. उपायुक्त जोन .... जविप्रा, जयपुर।
9. सिस्टम एनालिस्ट, जविप्रा, जयपुर।
10. जनसम्पर्क अधिकारी, जविप्रा, जयपुर।

3/9/09

सदस्य सचिव,
भवन मानचित्र समिति (ले–आउट प्लान)
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर